# उत्तराखंड तकनीकी विवि की सेमेस्टर परीक्षाएं कल

## विश्वविद्यालय ने की सभी तैयारियां पूर्ण,हर जोन में फ्लाइंग स्क्वायड टीम गठित, केन्द्र अधीक्षकों, पर्यवेक्षकों व संस्थान निदशकों को नकल विहीन परीक्षाएं संचालित कराने के सख्त निर्देश

उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) की विभिन्न इंजीनियरिंग, फार्मेसी, मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट, विधि पाठ्यक्रम की सेमेस्टर और फॉर्म -डी. की वार्षिक परीक्षाएं मंगलवार 9 जून से राज्य के 51 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी।

शनिवार को इस संबंध में केन्द्र अधीक्षकों,संस्थान निदेशकों और पर्यवेक्षकों के साथ कुलपति की अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई।बैठक में कुलपति प्रो. ओंकार सिंह, परीक्षा नियंत्रक डा. विनय कुमार पटेल सहित सभी संबंधित अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति ने सभी केंद्र अधीक्षकों, पर्यवेक्षकों और निदेशकों से विश्वविद्यालय की परीक्षाओं की शुचिता को बनाए रखते हुए पारदर्शी तरीके से नकल विहीन परीक्षाएं आयोजित कराये जाने में सहयोग प्रदान किए जाने का आव्हान करते हुए सफलतापूर्वक संचालित करने को कहा गया है।

विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा तीन रीजन कुमाऊँ, देहरादून और रुड़की रीजन में बनाए गए 51 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। प्रत्येक जोन में तीन सदस्यों वाली एक-एक फ्लाइंग स्क्वॉड( उड़न दस्ता) टीम गठित की गई है। विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाओं की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। बैठक में कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने सभी केंद्र सुपरिटेंडेंट, संस्थान निदेशकों और नियुक्त पर्यवेक्षकों को तत्परता के साथ पूर्ण पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ नकल विहीन परीक्षाएं संचालित व संपादित कराये जाने के निर्देश दिए। परीक्षा में किसी भी अनियमितता के लिए जीरो टॉलरेंस की विश्वविद्यालय की विगत तीन सत्रों की नीति को दोहराते हुए कुलपति ने सभी को सजग रहने और गड़बड़ी करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रश्न पत्रों को पासवर्ड सहित ऑनलाइन प्रेषण की विगत की व्यवस्था को यथावत रखा गया है। विश्वविद्यालय परीक्षाओं के संपूर्ण विवरण जैसे उत्तर पुस्तिकाओं, कक्ष निरीक्षकों, केंद्र अध्यक्ष, आदि को परीक्षा अवधि में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज करना अनिवार्य किया गया है।

परीक्षाओं के संचालन व संपादन में किसी भी स्तर पर होने वाली लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लापरवाही की दशा में विश्वविद्यालय द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।9 जून से होने वाली सेमेस्टर एवं वार्षिक परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाएंगी। प्रथम पाली की परीक्षाएं सुबह 9:30 से 12:30 बजे तथा द्वितीय पाली की परीक्षाएं दोपहर 1:30 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित होंगे।